# मंत्री भूपेंद्र यादव ने ई-लाईब्रेरी सहित विकास कार्यों का लोकार्पण किया



केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने ग्राम अहीरबास भडकोल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का फीता काटकर लोकार्पण किया।

- सरकार द्वारा चलाए जा रही स्किल डवलपमेंट स्किम्स का युवा लाभ उठाए : भूपेंद्र यादव
- प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का किया सम्मान

**अलवर, (निसं)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को ग्राम अहीरबास भडकोल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सहगल फाउंडेशन द्वारा 55 लाख रूपये की लागत राशि से कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का फीता काटकर लोकार्पण किया। वही किशनगढबास के मीरका और कोटकासिम के गांव आकोली में विकास कार्यों का लोकार्पण किया तथा यादव व जाटव समाज के सामाजिक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि रहे।

केंद्रीय मंत्री ने संत श्री दुर्बल नाथ जी की जयंती एवं शोभा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव रामगढ विधायक जुबेर खान व मेव समाज के सदर शेर मोहम्मद के भाई के निधन पर उनके घर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने पहुंचे। केंद्रीय वन मंत्री यादव सहगल फाउंडेशन द्वारा ई-लाइब्रेरी, सुलभ शौचालय एवं विद्यालय भवन के जीर्णोद्धार के कराए गए विकास कार्यो का लोकार्पण कर आमजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सहगल फाउंडेशन का आभार जताते हुए कहा कि राजकीय विद्यालय के उन्नयन एवं विकास में कराए गए कार्य सरानीय है जिससे विद्यालय की सुविधाओं में बढोतरी होने के साथ बच्चों को अध्ययन करने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अध्ययन के साथ-साथ स्कील डवलपमेंट की कक्षाएं भी चलाई जाए जिससे तकनीकी शिक्षा के प्रति बच्चों में रूचि जाग्रत हो सके। उन्होंने विद्यालय में निर्मित ई-लाइब्रेरी 50 हजार पुस्तकें उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के विकास में सहयोग करने पर सहगल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।


केंद्रीय मंत्री यादव ने अहीरबास भडकोल में श्री कृष्ण यादव सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यादव समाज की राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित बालिका का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर व शॉल ओढाकर सम्मान किया तथा कक्षा 10वीं व 12वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह, पुरस्कार राशि व बैग प्रदान कर सम्मानित किया।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अलवर रिसोर्ट में अखिल राजस्थान जाटव महासभा समिति जयपुर (शाखा अलवर) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कार्मिकों एवं प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा उन्नति व विकास की कुंजी है जिस समाज ने इसे अपनाया है वह निश्चित रूप से आगे बढा है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा को बढावा देने में सार्थक भूमिका निभाई है तथा वंचित व जरूरतमद लोगों को उनके अधिकार दिलाने में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने सभी समाजों से आव्हान किया कि बालिका शिक्षा को अधिक से अधिक बढावा देकर बेटी को अपने सपने साकार करने में सहयोग करें। उन्होंने युवाओं से कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा स्किल डवलपमेंट हेतु संचालित योजनाओं का लाभ उठावे। इस अवसर पर भरतपुर सांसद संजना जाटव, जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक जयराम जाटव, बन्नाराम मीना, इन्द्रजीत सिंह पाटा, संजय नरूका, रिंकी वर्मा, बी.पी सुमन, संदीप दायमा, लक्ष्मी नारायण गुप्ता,खान सिंह जाटव, कुन्दन लाल जाटव, बाबूलाल राजोरिया सहित प्रबुद्ध व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### रामसिंह सैनी अध्यक्ष बने

**पावटा, (निसं)।** माली (सैनी) महासभा पंचायत संस्था (रजि.)



रामसिंह सैनी

जयपुर जिला देहात कार्यकारिणी में रामसिंह सैनी पटेल/जैलाराम पटेल को सैनी समाज के पावटा तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस दौरान रामसिंह सैनी ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व एवं जयपुर जिला देहात अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी (गुड्डू जी) का बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। सैनी की नियुक्ति पर प्रहलाद सैनी, मोहनलाल सैनी, भीमराज सैनी, राम सैनी, रोहितास सैनी, राजेंद्र सैनी, जगदीश मोटन ने हर्ष व्यक्त किया।

### तेजाजी महाराज का जागरण आज

**शाहपुरा, (निसं)।** ग्राम साईवाड में तेजाजी का जोहडा में सोमवार को एक शाम हीरामल जी महाराज एवं सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज के नाम 27वां विशाल भजन जागरण कार्यक्रम आयोजित होगा। विशाल जागरण में शिवानी म्यूजिकल ग्रुप साईवाड के द्वारा भक्तिमय प्रस्तुति दी जाएगी। गायक कलाकार बीरबल सिंह साईवाड ने बताया कि जागरण में डीजे किंग प्रकाश चन्द गुर्जर देवीपुरा, डीजे किंग मुकेश मुक्कड कोटपूतली, झाबर छेला हरजनपुरा, कमलेश प्रजापति खेतडी, राम प्रकाश भड़ाना अचरोल, रहीश सैनी, कॉमेडी कलाकार कैलाश छेला, महेश छेला, डांसर कलाकार सिमरण, प्रवीण, माना गुजरी, गौरी सहित कई कलाकार रंगारंग प्रस्तुति देंगे।

### नर कंकाल की हुई शिनाख्त

**आमेर/मानपुरा माचेडी, (निसं)।** दौलतपुरा थानांतर्गत बिलोची गांव में शनिवार को मिले नर कंकाल की शिनाख्त हो गई। दौलतपुरा थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि नर कंकाल की पहचान चीथवाडी निवासी बनवारी बुनकर उम्र (52) के रूप में हुई है। मृतक के पुत्र रोहित वर्मा ने सामोद थाना में 6 अगस्त 2024 को गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। मृतक के पुत्र ने कंकाल के पास मिले कपडों के आधार पर शिनाख्त की है। कंकाल का एसएमएस हॉस्पिटल से मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्मार्टम कर परिजनो को सुपुर्द कर दिया। मृतक व परिवार के सदस्यों के सैंपल लेकर डी एन ए जांच के लिए भेज दिए गए है। गोरतलब है कि शनिवार को बिलौची गांव में पेड में मिले नर कंकाल के मिलने से सनसनी फ़ैल गई थी।

### सती माता गढ़मोरा के लिए पदयात्रा रवाना

**सिकराय, (निसं)।** बहरावंडा गांव से रविवार को सती माता गढमोरा की पदयात्रा गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। पदयात्रा को युवा मोर्चा जिला मंत्री भाजपा मुकेश रमचेला व ग्रामीणों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा गाजे बाजे के साथ नगरपरिक्रमा करते हुए रवाना हुई। सभी पदयात्रियों का गांव में जगह-जगह ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए अल्पाहार वितरित किए। पदयात्रा बहरावंडा सती माता मंदिर से गढमोरा सती माता मंदिर के लिए रवाना हुई। पदयात्रा के सभी श्रृद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। इस दौरान बाबू लाल, पूर्व सरपंच मोहन सैनी, रामखिलाडी पोंगडा, बद्री तेजाला, पंकज सैनी, केदार सैनी, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### वामन द्वादशी पर सजाई झांकियां

**निवाई, (निसं)।** श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर में वामन द्वादशी रविवार को धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान मंदिर में कई आकर्षक झांकियां सजाई गई जिनके दर्शन करने के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं का देर रात तक तांता लगा रहा। मंदिर समिति के ओमप्रकाश विजय व सुरेंद्र दाधीच नला ने बताया कि वामन द्वादशी पर गौरी शंकर महादेव का भव्य श्रृंगार, श्री गोपालजी महाराज झूले मे झूलते हुए, हनुमान जी महाराज का भव्य श्रृंगार, भगवानश्री कृष्ण की कमल के आसन पर विराजत सजीव झांकी, श्री राधा-कृष्ण के भव्य दरबार की सजीव झांकी, श्री भोले बाबा की तपस्या करते हुए सजीव झांकी व वामन भगवान की झांकी सजाई गई। इसी प्रकार श्री राधादामोदर मंदिर में भगवान को कुमोदनी कुण्डों में जल विहार करवाया गया। जल विहार के दौरान भजन गायकों ने कई भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद राधादामोदर भगवान की आरती कर वापस निज गृह में विराजित करके महाप्रसादी वितरित की गई।

## पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 नवम्बर को

- विवाह सम्मेलन के लिए कुल 11 जोड़ों का पंजीयन

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय आदर्श सैनी समाज द्वारा सैनी विकास संगठन के तत्वाधान में 12 नवम्बर को प्रस्तावित पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर रविवार को तृतीय परिचय सम्मलेन सुल्तान सैनी की अध्यक्षता में महात्मा ज्योतिबा फुले जन जागृति संस्थान भवन नारायणपुर में आयोजित हुआ।

रविवार को आयोजित सम्मेलन में 11 योग्य युवक एवं 7 युवतियों ने परिचय दिया। जिसमें 2 जोडों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इस मौके पर समाज द्वारा सैनी समाज को आरक्षण दिये जाने पर जोर दिया गया साथ ही समाज को एकजुट होकर सभी कुरीतियों को खत्म करने का आह्वान किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्री बाई फुले की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर की गई। अध्यक्ष बबलू बबेरवाल ने बताया कि विवाह सम्मेलन हेतु अभी तक कुल 11 जोडों का पंजीयन हो चुका है। संचालन पूर्व अध्यक्ष भागीरथमल सैनी ने किया। इस दौरान पप्पूराम सैनी, तेजराम मास्टर, फुलचंद सैनी, नारायण सैनी, बिहारी लाल, भागीरथ सैनी, श्यामलाल सैनी, रामनिवास सैनी, रामरतन सैनी, संजय दहिया, कुलदीप बानसूर, रामस्वरूप सैनी, रामावतार मिस्त्री, गंगाराम सैनी आदि मौजूद रहे।

## हत्या का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं)।** पचेवर थाने में दर्ज हत्या के मामले में बीते दो वर्ष से फरार चल रहे दस हजार रूपये के ईनामी हत्या के आरोपी को पचेवर थानाधिकारी राजेन्द्र ताडा के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने बगरू के रिको एरिया से गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी ने बताया कि फरार हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही थी। जगह-जगह दबिश व तलाशी अभियान जारी था लेकिन चालाक प्रवृति का आरोपी अपने निवास स्थान से रूहपोस हो जाने व अलग-अलग ठिकानों पर छुपकर फरारी काटने के चलते न्यायालय मालपुरा ने फरार अभियुक्त भगवान सहाय पुत्र नाथुराम गुर्जर निवासी नवलकिशोरपुरा थाना फागी जिला दूदू को स्थाई वारंटी घोषित कर अभियुक्त के विरूद्ध न्यायालय ने स्थाई वारंट जारी कर दिया। जिला पुलिस अधिक्षक ने आरोपी पर दस हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया। पुलिस के मुखबीर व अत्याधुनिक सूचना तंत्र के आधार पर जिला पुलिस अधिक्षक संजीव नैन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक रामकुमार कस्वा मालपुरा व पुलिस उपाधिक्षक महेन्द्र मीणा के सुपरविजन मे थानाधिकारी राजेन्द्र ताडा के नेतृत्व मे टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुये 14 सितम्बर की देर शाम को रिको एरिया बगरू से आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## सतपाल महाराज के जन्मदिन पर निकली कलशयात्रा

**राजगढ, (निसं)।** मानव धर्म के प्रणेता सतपाल महाराज के जन्म दिवस पर श्रद्धालु महिलाओं एवं बच्चों ने कलश यात्रा निकाली। इस अवसर पर सतपाल महाराज की जयकारों से मानव धर्म का संदेश दिया। मानव धर्म के प्रचार प्रसार को लेकर नारे लगाए। सतपाल जी महाराज के जन्मदिन पर भव्य कलश यात्रा बस स्टैंड के समीप कीर्ति आश्रम से केवलानंद जी महाराज के सानिध्य में राम रतन ताम्बी, आशा तांबी की मौजूदगी में उत्साह एवं उल्लास के साथ प्रारंभ हुई। कलश यात्रा मालाखेडा गेट, चौपड़ बाजार, गोल मार्केट पहुंची। मार्केट पर ताम्बी परिवार की ओर से कलश यात्रा का स्वागत किया गया।

## 14 वर्षीय छात्र क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि हिमांशु मित्तल जिला क्षय रोग अधिकारी रहे।

**टोंक, (निसं)।** 68वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का उद्घाटन रविवार को स्थानीय सेंट जोजफ सी. से. स्कूल में प्रात: 9 बजे किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि हिमांशु मित्तल जिला क्षय रोग अधिकारी रहे तथा अन्य अतिथियों में जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में पधारे पुरुषोत्तम दीक्षित तथा हुमा खान प्रिंसिपल सेन्ट जोसफ पब्लिक स्कूल, रिजवान सेंट जोसेफ कॉलेज प्रिंसिपल तथा साधु राम शिक्षाविद मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिले भर से आई टीमों से मुख्य अतिथि व अतिथियों ने परिचय कर खेल का उद्घाटन किया। विधिवत रूप से सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगी टीमों को मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु मित्तल ने उद्घाटन घोषणा के साथ खिलाडियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। प्रतियोगिता के संयोजक शाहिद अली, सह संयोजक अमीरुद्दीन आसिम, शारीरिक शिक्षक एवं इरशाद अली शारीरिक शिक्षक, सरफराज खान शारीरिक शिक्षक तथा प्रबोधकों में अशफाक अली शकील अहमद तथा कार्यालय प्रभारी सादात नूर शशि जैन मौजूद रहे। सीनियर प्रशिक्षक इरशाद अली ने बताया कि 14 वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता गांधी खेल मैदान में खेला गया, जिसमें प्रथम राउन्ड में सेन्ट जोसफ सी.सै. स्कुल, एंग्लो स्कूल, निवाई के छात्र विजेता रहे।

## धारधार हथियारों के हमलों में छह जने घायल

**टोंक, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में एक भवन निर्माण को लेकर धारधार हथियारों से हुए हमलों में पीडित परिवार के 2 पुरूष व 4 महिलायें गम्भीर रूप से घायल हो गई।

थाना सूत्रो के अनुसार पीडित पक्ष का राजाराम पुत्र रामनिवास निवासी प्रेमनगर ने मामला दर्ज कराकर बताया कि भवन निर्माण को लेकर हमलावर पहले से ही कोर्ट से पाबन्द है, लेकिन 14 सितम्बर की शाम को अचानक 10 लोगों ने लाठी, गण्डासा, कुल्हाडी, सरिये से लेस होकर घर में बैठे परिवारजनों पर हमला बोल दिया। इस हमले में हमलावरों ने अनिता व शान्ति पर सरिये से हमला कर उनके कपडे फाड दिये तथा लज्जाभंग करी, वही मनोज, शान्ति, नर्मदा को गम्भीर चोटे पहुचाई तथा दिनेश को गम्भीर रूप से घायल कर दिया, जिसको चिकित्सको ने इलाज हेतु जयपुर रैफर किया है, वही शेष घायलो का इलाज सआदत चिकित्सालय में चल रहा है। पीडित पक्षकार ने 10 नामजद आरोपियों के नाम भी बताये है। इनमें दिलखुश, अरविन्द, बुद्धिप्रकाश, राजाराम, नरेश, बाबूलाल, रामरतन, रामफुल, प्रमोद एवं एक महिला शकुन्तला पत्नी बुद्धिप्रकाश भी हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

## आठ मरीजों का किया सम्मान

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा 12 सितंबर को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में आंखों में मोतियाबिंद एवं लैंश प्रत्यारोपण शिविर में चयनित 8 मरीजों के ऑपरेशन के बाद जयपुर से वापस लौटने पर लायंस क्लब ने उनका हालचाल जाना और स्वागत में सभी को शॉल उठाकर स्वागत किया। इस कार्य में दुर्गा प्रसाद गोयल और ललिता गोयल, ऊंझा, गुजरात वालों ने विशेष सहयोग दिया।

## मालपुरा में घर के बाहर खड़ी कार के चारों टायर ले गये चोर



चोरों ने 400 मीटर की दूरी में लग्जरी कार के चारों टायर चुराकर वारदात को अंजाम दे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किये।

- आदर्श नगर में सात दिन में तीसरी बार चोरी की वारदात, लोगों में रोष

**मालपुरा, (निसं)।** अतिसंवेदनशील मालपुरा शहर में पुलिस प्रशासन की लचर गश्त व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा के प्रति बरती जा रही घोर लापरवाही के चलते शहर के आदर्श नगर में बीते सात दिन में महज चार सौ मीटर की दूरी में शनिवार की रात शातिर चोरों ने लग्जरी कार के चारो टायर चुरा ले जाने की वारदात को अंजाम दे पुलिस की रात्रीगश्त व सजगकता की पोल खोलने का मामला सामने आया है।

पीडित कार मालिक लेखराज गुर्जर ने बताया कि शनिवार की देर शाम वो अपनी कार रोजमर्रा की तरह बालिका आदर्श विद्या मंदिर के पास खडी कर मकान मे चला गया। रविवार की सवेरे बालिका विद्या मंदिर मे लगने वाले संघ की शाखा मे पहुंचे स्वंय सेवकों ने कार को लकडी के गुट्टो पर टिका होने व चारो टायर गायब होने के साथ-साथ कार के पास बिखरे बॉल्ट देख चोरी का पता लगने पर कार मालिक को सूचना दी। चोरी की वारदात की मिली सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने कार के आसपास फोटोग्राफी करवा मौका पर्चा तैयार करते हुये एडवोकेट हरिनारायण गुर्जर के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग देखी तो शनिवार की रात तकरीबन पौने दो बजे एक सफेद कलर की लग्जरी कार संदिग्ध हालत मे आधा घंटे तक घटनास्थल पर खडी रहने तथा आसपास गतिविधियां होने की फुटेज कब्जे मे ले कार व कार मे सवार लोगों की तलाश शुरू की।

बीते सात दिन के अंतराल में आदर्श नगर मे डॉ. एचएस पारीक के घर से 15 लाख रूपये की नगदी की चोरी, नर्सरी के सामने मुख्य सडक किनारे अमित विजय के मकान के पिछवाडे जंगले के सरिये काट मकान मे घुसने व बीती रात घर के बाहर खडी कार के चारों टायर चुरा ले जाने जैसी वारदाते होने से अब कस्बेवासी स्वंय की सुरक्षा को लेकर भयभीत व चिन्तित नजर आये साथ ही पुलिस की सजगकता व कडी रात्री गश्त सहित पुलिस के आदर्श वाक्य अपराधियों में डर आमजन में विश्वास से अब लोगों का विश्वास उठने लगा है। कहने को तो कागजों में जाप्ता रातभर शहर मे कडी गश्त करना दर्शाया गया है लेकिन यह गश्ती दल कहां करता है गश्त। इसका किसी को नही है पता। मध्य रात्री तक गश्ती दल गश्त के नाम पर बाजार व कुछ कॉलोनियो मे गाडी का सायरन बजा जीप पर लगी बत्ती चालू कर एक दो चक्कर लगाने के बाद शहर से लुप्त हो जाता है पुलिस की इस लचर गश्त व्यवस्था का चोर बैंज्जा फायदा उठा एक के बाद एक कर रहे है चोरी की वारदाते। बीते दो साल मे हुई चोरी की वारदातों का पता लगाने में पुलिस आज भी नाकाम साबित हो रही है।

## कोड़ेश्वर महाराज की पदयात्रा रवाना

**सावरदा, (निसं)।** कस्बे से रडी बालाजी महाराज की पदयात्रा के साथ शुरू हुए करीब पन्द्रह पदयात्राओं का कोडेर्श्वर महाराज की पदयात्रा के साथ ही रविवार को समापन हो गया। कस्बे के रामदेव महाराज के चरणो से कोडेश्वर महादेव के लिए रविवार को 13वीं विशाल पदयात्रा ध्वज पूजन के बाद गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। पदयात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए कोडेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। ग्रामीणों ने इस दौरान पदयात्रियों पर पुष्प वर्षा कर कोडेश्वर महाराज के जयकारे लगाए। समिति के नितेश रियाड ने बताया कि पदयात्रा में डीजे की धुन पर बाज रहे डीजे पर महिलाओं ने भक्ति नृत्य किया। पदयात्रा में पदयात्रियों का जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं अल्पाहार वितरित किया गया। पदयात्रियों ने शाम 7 कोडेश्वर महादेव मंदिर में पहुकर ध्वज चढाया। जिसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमे सैकडों श्रदालुओं ने पंगत प्रसादी पाई। इस दौरान अध्यक्ष मोती रियाड, कोषाध्यक्ष मोहन रियाड, नरेंद्र दास स्वामी, बाबूलाल कुमार, मुकेश गौतम, रामप्रसाद गवारिया, प्रहलाद दास स्वामी, बद्री रियाड, गोगराज गवारिया, जी.एम रियाड, नितेश रियाड, सुरेंद्र दास स्वामी, रामकिशन रणवां, विजय शंकर जांदू, हीरालाल खुडिया सहित सैकडों ग्रामीण मौजूद थे।

## सार-समाचार

### तालाब की सफाई में जुटे स्वयंसेवक



**फागी, (निसं)।** आरएसएस के स्वयंसेवकों ने रविवार को अनूठी पहल करते हुए कस्बे में मुख्य बाजार स्थित बीबोलाई तालाब की सफाई में जुटे। गौरतलब है कि कस्बे में हाल ही के दिनों में तेज बरसात के कारण सभी तालाबों में पानी की अत्यधिक आवक से तालाब लबालब तो हो गये परन्तु पानी के साथ आई गन्दगी से घाटों पर जमा हो गई फलस्वरूप तालाब की सुन्दरता तो खत्म हो ही गई थी अपितु आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड रहा था जिसको लेकर आज प्रात आरएसएस के स्वयंसेवकों ने श्रमदान का निष्चय करते हुए बीबोलाई तालाब के षंकर घाट पर सफाई अभियान छेडते हुए गंदगी को तालाब से बाहर निकाला। माधव प्रभात के मुख्य षिक्षक कुलदीप जोषी ने बताया कि यह अभियान निरन्तर चलेगा व सम्पूर्ण घाटों पर सफाई की जावेगी।

### पर्स लौटाकर ईमानदारी दिखाई



**अलवर, (निसं)।** ट्रेन नम्बर 20977 वंदे भारत में रविवार को कमलेश कुमार जांगिड टीटीआई अजमेर (जयपुर मंडल) की ड्यूटी सी/11 से सी/14 में अजमेर से चंडीगढ तक थी। अलवर से टिकट चेकिंग के दौरान सी/13 बर्थ संख्या 20 पर यात्री महिला का एक हेंड बैंग मिला। दोनों यात्री जिनका टिकिट सी 13 में 20 और 21 जयपुर से अलवर तक था जो अलवर उतर गये थे जिनका पर्स (लेडिज व जैन्ट्स) दोनों ही गाडी में छूट गया था। उसमें 3,500 रूपये और पैन कार्ड व एटीएम कार्ड और कुछ दवाईयां थी। उस यात्री के पीएनआर नम्बर से एचएचटी में यात्री के मोबाइल नम्बर सर्च करके उससे बात हुई और जयपुर कन्ट्रोल को भी नोट करवाया जो चण्डीगढ से वापस आते समय 20978 में अलवर स्टेशन पर यात्री को सुपुर्द कर दिया गया। यात्री अपना सामान लेकर खुश हुआ और भारतीय रेल को धन्यवाद दिया। सीटीआई मालीराम लूनीवाल, दुष्यन्त शर्मा, धर्मेंद्र माल, नेमीचंद मीणा, व राजेन्द्र भारतीय, तोफान सिंह मीणा, डिप्टी सीटीआई सुरेन्द्र सिंह नरूका ने बधाई दी।

### सेना में चयन होने पर राहुल का सम्मान



**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सांगटेडा निवासी राहुल चौधरी पुत्र जयप्रकाश जाट का इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट ऑफिसर पद पर चयन होने पर रविवार को समाजसेवी रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने साफा, माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। साथ ही सुन्दरकाण्ड देकर उनका सम्मान भी किया। राहुल का चयन होने पर पूरे गाँव में हर्ष का माहौल है। राहुल चौधरी ने कहा कि मेरा बचपन से ही भारतीय सेना में अपनी सेवा देने का स्वप्न था जो आज पूरा हो गया। मैं अपने कर्तव्य पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। जिससे गांव व क्षेत्र का नाम रोशन हो सके। समाजसेवी रतनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से गांव में सरकारी नौकरी लगने वाले युवाओं का सम्मान किया जा रहा है। जिससे अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिले। राहुल के पिता जयप्रकाश जाट एक सामान्य कृषक है। इस दौरान साधुराम जागीरदार, संतरा देवी, कुलबीर एसआई, नमिता देवी, राजाराम जांगिड, सौरभ चतुर्वेदी, जसवीर चौधरी, कमल चौधरी, छैलूराम, कुलदीप, किशन लाल सुबेदार, संदीप, सर्वेश देवी, कमलेश देवी व रोशन देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### विनोद अध्यक्ष व बनवारी सचिव निर्वाचित

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर व्यापार महासंघ के रविवार को हुए चुनावी नतीजे के अनुसार अध्यक्ष पद पर सर्वाधिक मत प्राप्त कर विनोद कुमार गट्टानी सिरमौर बने। दूसरे नंबर पर बृजमोहन सोनी और तीसरे नंबर पर मनमोहन शर्मा रहे। बनवारी लाल सिंघानिया पहले ही सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष पद पर देवकरण सैनी निर्वाचित घोषित किए गए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी हीरालाल तंवर को हराया। कोषाध्यक्ष पद के लिए भी रोचक मुकाबला देखने को मिला जहां मामूली अंतर से हनुमान प्रसाद कुमावत हार गए। उपाध्यक्ष पद पर जीत का सेहरा सुभाष चंद्र सैनी के सर पर बधा और उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया। अध्यक्ष विनोद कुमार गट्टानी ने बताया कि अब उनका मकसद नगर में महिला बाथरूम की व्यवस्था करना, सभी स्पॉट पर फैली हुई कीचड़ और गंदगी को साफ करना, आवारा पशुओं को गौशाला भेजना, व्यापारी की समस्याओं का प्रशासन से मिलकर उसका निदान करना, सभी मुख्य मार्गों पर प्रशासन द्वारा सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करना, रात्रि में सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन की गश्त लगवाना, सांभर लेक रेलवे स्टेशन पर सभी ट्रेनों का ठहराव करना, पानी बिजली एवं गैस की सुचारू व्यवस्था करना, देवयानी के सभी घाटों पर महिला स्नानागार बनवाना, सभी विवादित स्थान का आपसी समझौते से निवारण करना उनके एजेंडे में प्रमुख रूप से शामिल है। उन्होंने अपेक्षा की है कि सभी व्यापारी बंधु मिलकर उनकी मंशा के अनुरूप उन्हें सहयोग प्रदान करें ताकि व्यापार महासंघ को नई दिशा दी जा सके। उन्होंने अपनी जीत व्यापार महासंघ को समर्पित की है।

### वामन भगवान का प्राकट्य दिवस मनाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** नगर आराध्य भगवान गोपीनाथ मंदिर मे श्री वामन भगवान का प्राकट्यय दिवस हर्ष, उल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रात: भगवान का पंचामृत अभिषेक कराया गया। प्रात: श्रृंगार आरती, पश्चात सामूहिक हरिनाम संकीर्तन एवं श्री वामन देव स्तुतिगान, वामन अष्टकम्, वामन मंत्र के जाप व गायन किया गया, दोपहर 11 बजे से श्रीमद् भागवत के अष्टम स्कन्ध की वामन भगवान की प्रावृट्यय लीला अन्तर्गत कश्यप अदिति संवाद, पयोव्रत की विधि, वामन देव का जन्म, तीन पग भूमि में समस्त त्रिलोकी को भगवान द्वारा नापना, राजा बलि को सुतल लोक का राज्य प्रदान करना, प्रहलाद द्वारा भगवान की स्तुति आदि कथा महन्त डा. मनोहर शरण द्वारा की गई । दोपहर में भगवान की महाआरती पश्चात् श्रद्धालुओं ने पंजीरी-प्रसाद-पंचामृत एवं पंगत प्रसादी ग्रहण की।

### कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मालपुरा, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बृजलाल नगर में रविवार को 68वीं जिला स्तरीय छात्र-छात्रा 14 वर्ष कबड्डी प्रतियोगिता का समारोह पूर्वक उदघाटन किया गया। उदघाटन समारोह मे युवा उधोगपति नरेन्द्र जैन,विशाल शर्मा,सरपंच रेखा नामा,ने बतौर अतिथि शिरकत कर दीप प्रज्जवल्लित कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का झण्डा पहरा शुभारम्भ किया।